दयालबाग़ में ब्रिटिश संसदीय दल का आगमन 1
कला संकाय 2
शिक्षा संकाय 5
वाणिज्य संकाय 6
तकनीकी कॉलेज 7
प्रेम विद्यालय गर्ल्स इण्टर कॉलेज 7
स्वतंत्रता दिवस समारोह 8





दयालबाग़ एजूकेशनल इन्स्टीट्यूट (डीम्ड यूनिवर्सिटी)
दयालबाग़, आगरा (उ. प्र.)

# डी.ई.आई. समाचार

अगस्त–सितम्बर 2014, द्वितीय अंक


दयालबाग़ शिक्षा के सौ वर्ष

## दयालबाग़ में ब्रिटिश संसदीय दल का आगमन

21 अगस्त 2014 को ब्रिटिश संसद का 28 विशिष्ट सदस्यीय दल का दयालबाग़ ऐजूकेशनल इन्स्टीट्यूट में आगमन हुआ। दल के अध्यक्ष मार्क पावसे थे। दल का प्रमुख लक्ष्य भारत में खेलकूद, व्यवसाय एवं पर्यटन को बढ़ावा देना था और उससे संबंधित आवश्यक साधनों एवं संसाधनों की चर्चा एवं विचार विमर्श करना था। दल के द्वारा डी. ई. आई. और संयुक्त गणराज्य के शैक्षिक संस्थानों के मध्य अर्थपूर्ण घनिष्ठ संबंधों के लिए विस्तार पूर्वक विचार किया गया। संसदीय दल के द्वारा दयालबाग़ अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी सभागार में पौधे का रोपण भी किया गया।



# कला संकाय

## पोट्रेट प्रदर्शन

नई दिल्ली के जामिया मिलिया इस्लामिया यूनीवर्सिटी, व्यावसायिक कला विभाग, के प्रख्यात कलाकार प्रोफेसर जरहर जहूर अध्यक्ष के द्वारा 13 सितम्बर 2014 को चित्रकला विभाग में यू. जी. सी. पी. जी. ई पाठशाला प्रोजेक्ट, दृश्य कला में पोट्रेट प्रदर्शन किया।

## कार्यशाला

गृहविज्ञान विभाग में बी. वॉक. खाद्य प्रसंस्करण और संरक्षण के पाठ्यक्रम विकास पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। विभिन्न विश्वविद्यालयों अर्थात् बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, लखनऊ, करनाल, वनस्थली के विषय विशेषज्ञों के अतिरिक्त कुछ उद्योग से जुड़े लोगों ने भी भाग लिया तथा पाठ्यक्रम के विकास के लिए अपने बहुमूल्य सुझाव और जानकारियाँ दीं।

## संस्कृत सप्ताह

एम.एच.आर.डी. की ओर से यह घोषणा की गई थी कि वर्ष 2014 में संस्कृत दिवस 10.08.2014 को संस्कृत सप्ताह के रूप में 07.08.2014 से 13.08.2014 तक मनाया जाय। संस्कृत विभाग कला संकाय में संस्कृत सप्ताह के उपलक्ष्य में अनेक कार्यक्रम सम्पादित हुए–

1. दिनांक 7 से 10 अगस्त तक सुभाषितम्, प्रासंगिक विषयों पर पेंटिंग, संस्कृत कथा रचना, कविता रचना आदि कार्यक्रम हुए।

2. दिनांक 11.08.2014 को श्लोकों का पाठ तथा मन्त्रोच्चारण कार्यक्रम हुआ।








3. दिनांक 12.08.2014 को संस्कृत भाषा के महत्त्व पर विद्यार्थियों ने अपने विचार प्रस्तुत किये।

4. दिनांक 13.08.2014 को समापन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्रो0 रागिनी रॉय प्रमुख, कला संकाय इस अवसर पर मुख्य अतिथि थीं। बी.ए. कक्षा की छात्राओं ने संस्कृत में नाटक प्रस्तुत किया। एम.ए. प्रथम तथा तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं ने भाति मे भारतम् देशभक्ति परक संस्कृत गान प्रस्तुत किया। अभिनव पाण्डेय, वैद्य आयुर्वेद ने ताण्डव स्तोत्र प्रस्तुत किया। प्रो0 अगम कुलश्रेष्ठ ने संस्कृत भाषा के महत्त्व के विषय में जानकारी दी। विभागाध्यक्षा प्रो. उर्मिला आनंद एवं समस्त संस्कृत विभाग की उपस्थिति ने विद्यार्थियों का सतत् उत्साहवर्धन किया। डॉ0 अभिमन्यु ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## भक्ति संगीत प्रतियोगिता

डी.ई.आई. प्रांगण में विभिन्न संस्थानों विश्वविद्यालयों के छात्र भक्ति संगीत प्रतियोगिता के लिए आमंत्रित किए गए। प्रतियोगिता में डी.ई. आई. के अतिरिक्त एस.जी.आई., आगरा कॉलेज, बैकुंठी देवी, सेंटजोन्स आदि संस्थानों के छात्रों द्वारा शिरकत की गई और मन को छू लेने वाली प्रस्तुतियों से कला संकाय का समूचा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम की समन्वयक प्रो. मीरा शर्मा थीं। प्रो. रवि भटनागर, डॉ. रश्मि श्रीवास्तव, डॉ. नमस्या, आदि का सक्रिय योगदान रहा। मुख्य अतिथि आर. एन. मल्होत्रा जी की उपस्थिति ने कार्यक्रम को गरिमामय बना दिया। कला संकाय प्रमुख प्रो. रागिनी राय, प्रो. जी. डी. राव, के अतिरिक्त अन्य शिक्षकगणों ने भी कार्यक्रम में पूरे समय उपस्थित रहकर छात्रों का उत्साहवर्द्धन किया। इस कार्यक्रम में निर्णायक सुप्रसिद्ध कवयित्री शशि तिवारी, और प्रियदर्शिनी थीं।

## हिन्दी–दिवस

हिन्दी विभाग में दिनांक 14 सितम्बर 2014 को हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया। विशिष्ट वक्ता के रूप में एटा से पधारे डॉ. उमाकान्त चौबे ने हिन्दी के अस्तित्व पर विचार करते हुए उसके विकास एवं महत्त्व के व्यापक प्रयास हेतु हिन्दी के व्यावहारिक प्रयोग के लिए प्रेरित किया। इस महत्त्वपूर्ण अवसर पर हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. शर्मिला सक्सेना, प्रो. आदित्य प्रचण्डिया, डॉ. दयाल प्यारी सिन्हा, डॉ. प्रेम शंकर सिंह, डॉ. ब्रजराज कुमार सिंह आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुमन शर्मा ने किया।

## अंतर्संस्थान नाटक प्रतियोगिता

दिनांक 17–9–2014 को डी. ई. आई. के समाजविज्ञान संकाय में स्टेज पर 'शिक्षा में गुणवत्ता और मूल्य' पर आधारित अन्तर महाविद्यालयी प्रहसन प्रतियोगिता का आयोजन सम्पन्न हुआ। निर्णायक मण्डल में बैकुण्ठी देवी के हिन्दी विभाग की पूर्व



अध्यक्ष प्रमिला चावला और सुमित राहुल गोयल मैमोरियल सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, आगरा की डायरेक्टर श्रीमती मनोज बल पधारी थीं। डॉ0 स्वामी प्यारी कौड़ा इस कार्यक्रम की समन्वयक थीं। डॉ. संजय भूषण ने 'शिक्षा में गुणवत्ता और मूल्य' से सबको परिचित कराया। निर्णायक महोदया डॉ. प्रमिला चावला ने प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों की सराहना की एवं उन्हें अभिनय सम्बंधी बारीकियों से अवगत कराया। धन्यवाद ज्ञापन की परम्परा का निर्वाह प्रो. डी. जी. राव ने किया। कार्यक्रम में विशेष सहयोग डॉ. दयाल प्यारी सिन्हा, एवं डॉ. अक्षय सत्संगी का रहा। प्रो. मीरा शर्मा, प्रो. शालिनी निगम, डॉ. सुमन शर्मा, डॉ. नमस्या, डॉ. सूरज प्रकाश ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति द्वारा प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

## शिक्षकोपलब्धियाँ

डॉ. अभिमन्यु संस्कृत विभाग ने 12 सितम्बर 2014 को नैनो सेन्टर, दयालबाग एजूकेशनल इंस्टीट्यूट में ''चेतना शब्दानुविद्ध है– वाक्यपदीयम् के परिप्रेक्ष्य में'' विषय पर शोध–पत्र प्रस्तुत किया।

डॉ० इन्दू बंशी संस्कृत विभाग ने 12 सितम्बर 2014 को नैनो सेन्टर, दयालबाग़ एजूकेशनल इंस्टीट्यूट में ''रेवाप्रसाद द्विवेदीकृत 'सीताचरितम्' महाकाव्य में चेतना के काव्यशास्त्रीय सोपान'' विषय पर शोध–पत्र प्रस्तुत किया।

प्रो. अगम कुलश्रेष्ठ द्वारा लिखित पुस्तक–'चेतना के त्रिविध आयाम' का प्रकाशन के. एल. पचौरी प्रकाशन ग़ाजियाबाद से 2014 में हुआ ISBN-978-81-88075-72।

प्रो. अगम कुलश्रेष्ठ तथा इन्दु शर्मा का शोधपत्र 'स्त्री अधिकार वैदिक एवं पौराणिक संदर्भ' का प्रकाशन शोध संचार बुलेटिन संचार एजूकेशनल रिसर्च फाउण्डेशन लखनऊ अंक चार में अप्रैल सितम्बर 2014 को प्रकाशित हुआ।

डॉ. स्वामी प्यारी कौड़ा का यू.एस.एम. पत्रिका, गाजियाबाद, सितम्बर 2014 में 'राजभाषा हिन्दी और देश का वैज्ञानिक तथा प्रौद्योगिकी विकास', विषयक शोधपत्र प्रकाशित हुआ।

डॉ. कमलेश कुमारी रवि को दलित साहित्य में महत्त्वपूर्ण योगदान के लिए इपरा द्वारा डॉ. राम गोपाल सोनी मेमोरियल अवार्ड 2014 प्रदान किया गया।

डॉ. कमलेश कुमारी रवि ने एच. आई. बी. एस. आगरा द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी 21–22 सितम्बर 2014 में 'राजभाषा : अपने ही घर में बेगानी हिन्दी' विषयक शोधपत्र प्रस्तुत किया।

डॉ. कमलेश कुमारी रवि ने एच.आई.बी.एस. आगरा द्वारा 20 सितम्बर 2014 को आयोजित 'काउंसलिंग एण्ड साइको टैस्ट डवलपमेण्ट' विषयक एक दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया

डॉ. सुमन शर्मा ने हिन्दी पखवाड़ा आयोजन में



कार्यशाला के अंतर्गत दिनांक 15—9—14 को प्रसार भारती आकाशवाणी मथुरा में 'हिन्दी भाषा की उच्चारण संबंधी त्रुटियां और उनका समाधान' विषय पर विषय विशेषज्ञ के रूप में व्याख्यान दिया।

प्रो. रवि कुमार भटनागर — 07 सितम्बर 2014 को संस्कार भारती एवं प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया) कला एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा 'स्वामी हरिदास सम्मान' प्राप्त किया।

डॉ. नीलू शर्मा — 14 सितम्बर 2014 संस्कार भारती एवं प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया) कला एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा 'मीरा सम्मान' प्राप्त किया।

प्रो. रवि कुमार भटनागर — 12 सितम्बर 2014 को नैनो सेन्टर, दयालबाग एजूकेशनल इंस्टीट्यूट में ''नर्सरी की कक्षा के विद्यार्थियों के लिये सामान्य प्रशिक्षण हेतु श्रव्य सामग्री का निर्माण'' विषय पर शोध—पत्र प्रस्तुत किया।

डॉ. रश्मि श्रीवास्तव— 12 सितम्बर 2014 को नैनो सेन्टर, दयालबाग एजूकेशनल इंस्टीट्यूट में ''अवनद्ध वाद्यों की बंदिशों के माध्यम से चेतनता का विकास'' विषय पर शोध—पत्र प्रस्तुत किया।

दिव्या श्रीवास्तव (शोध—छात्रा) — 12 सितम्बर 2014 को नैनो सेन्टर, दयालबाग एजूकेशनल इंस्टीट्यूट में ''संगीत कला एवं आध्यात्मिक विकास'' विषय पर शोध—पत्र प्रस्तुत किया।

# शिक्षा संकाय

### योग शिविर

दस दिवसीय योग शिविर का शुभारम्भ 2 अगस्त, 2014 को संकाय प्रमुख, प्रोफेसर विभा निगम की देख रेख में हुआ, जिसमें विभाग प्रमुख प्रोफेसर आनन्द प्यारी की उपस्थिति प्रेरणादायक रही। शिविर का संयोजन एवं संचालन डॉ. कल्पना गुप्ता द्वारा किया गया जिसमें प्रतिमा सिंह एवं रिंकी ने सहयोग प्रदान किया।

संकाय के उपचारात्मक प्रकोष्ठ द्वारा विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन एवं संचालन डॉ. छविलाल सिंह द्वारा 22 अगस्त, 2014 को किया गया। इसके अंतर्गत अंजली निगम ने 'पर्सनैल्टी डेवलपमेंट' विषय पर व्याख्यान दिया।

### कार्यशाला

23 अगस्त, 2014 को आकांक्षा समूह एवं जिला प्रशासन, आगरा द्वारा आयोजित कार्यशाला 'वूमेन इमपॉवरमेंट थ्रू मटीरियल आर्ट' का आयोजन सूरसदन में हुआ । जिसमें संकाय की छात्राओं नें सक्रिय प्रतिभागिता की। कार्यशाला की संयोजिका डॉ. सोना दीक्षित थीं।

### शिक्षकोपलब्धियाँ

डॉ. सोना दीक्षित का ''ब्लेण्ड ऑफ फेनोमेनोलॉजी एण्ड साइन्टिफिक अप्रोचेज इन योगा एण्ड मेडिटेशन रिसर्चेस'' नामक शोध प्रपत्र यूनीवर्सिटीज़ न्यूज, वॉल्यूम—52, नम्बर 31 में प्रकाशित हुआ।

प्रोफेसर, अर्चना कपूर, डॉ. राजकुमारी कालरा का शोध प्रपत्र 'हेल्थ ऐज़ ए डिटरमिनेन्ट ऑफ एकेडेमिक अचीवमेन्ट' इन्टरनेशनल जर्नल ओडीएफ हेल्थ एण्ड एजूकेशन, वॉल्यूम 3 नामक अंतर्राष्ट्रीय

जर्नल में प्रकाशित हुआ।

2 अगस्त 2014 को मनोविज्ञान विभाग डी.ई. आई. दयालबाग़ में 'ब्रेन, माइंड एंड कान्सस' राष्ट्रीय सेमीनार में प्रो.के.सी. वशिष्ठ एवं कर्निका व्यास द्वारा ''ब्रेन–बेस्ट लर्निंगः द इमर्जिंग न्यूरोसाइन्टिफिक पेडागॉजी कोरोबोरैटिंग नानकांशियस लर्निंग'' नामक शोध प्रपत्र प्रस्तुत किया गया, साथ ही 'कान्टेम्प्लेटिव पेडागॉजी फॉर द कॉन्शसनेस इनहेन्समेन्ट इन एडोलसेन्ट नामक' शोध प्रपत्र साधना शर्मा एवं डॉ. सोना आहूजा द्वारा प्रस्तुत किया गया।

डॉ. सोना दीक्षित ने 2–3 अगस्त, 2014 को गुजरात लॉ सोसायटी द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में ''एजूकेशन फॉर बेटर वर्ल्डलीनेस इन द एरा ऑफ ग्लोबलाइजेशन' नामक शोध प्रपत्र प्रस्तुत किया।

डॉ. जी. पी. सत्संगी ने 11 अगस्त, 2014 को ''घरेलू हिंसा का परिवार पर दुष्प्रभाव'' विषय पर आकाशवाणी आगरा द्वारा रेडियो वार्त्ता प्रस्तुत की।

28 अगस्त, 2014 को डॉ. लाजवंती ''घर की खुशियों की चाबी है बेटी'' विषय पर आकाशवाणी आगरा द्वारा रेडियो वार्त्ता प्रसारित हुई।

# वाणिज्य संकाय

## शिक्षकोपलब्धियां

डॉ. अनिशा सत्संगी का शोधपत्र फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट इन डेवलपिंग नेशंस ए क्लोज़र लुक एट चीन एंड इंडिया शोधयत्न आंसेक्ट विश्वविद्यालय वॉल्यूम 1 इशू 1 जूलाई 2014 आई एस एस एन 23.9.2014 में प्रकाशित हुआ।

डॉ. शालिनी दुबे का शोधपत्र ए एनलिटिकल स्टडी ऑफ़ एच आर आई अस एंड इट्स इफेक्टिवनेस ऑन द वर्किंग ऑफ ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट ए केस स्टडी ऑफ़ अस आर ऍफ़ लिमिटेड इंडिया आई जे एम आर ऐ इंटरनेशनल जर्नल ऑफ मैनेजमेंट आईटी–इंजीनियरिंग आई एस एन 22.9.2014 में प्रकाशित हुआ है। इम्पेक्ट फैक्टर 4207।

प्रो. वी. के. गंगल का शोधपत्र विपणन और वित्तीय मैनेजमैन्ट की अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका में आई एस एस एन 2348.3954 वॉल्यूम 2 इश्यू 7 अगस्त 2014 को निर्यात प्रदर्शन और भारत में विशेष आर्थिक क्षेत्र के परिचालन के लिए समस्या : एक महत्त्वपूर्ण मूल्यांकन विषय पर प्रकाशित हुआ।

वाणिज्य संकाय के प्लेसमेण्ट प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. एल. एन. कोली एवं डॉ. शालिनी दुबे द्वारा एक विशेष व्याख्यान का आयोजन 3 सितम्बर, 2014 को 3:45 बजे किया गया। इस व्याख्यान शिविर में बी. कॉम (आनर्स) एवं एम. कॉम के छात्रों को "व्यक्तित्व विकास" से सम्बन्धित आवश्यक तथ्यों की जानकारी, सी. एल. एड्यूकेट लि0. के सेन्टर हैड सुमिति खुराना द्वारा दी गई।

# तकनीकी कॉलेज

### शिक्षकोपलब्धियाँ

नवीन देव, रविशंकर, प्रसान्ता दे, अंगप्पा गुनाशेखरन का 'हॉलोनिक अपल चेन : ए स्टडी फ्राम फैमिली बेस्ड मैन्यूफैक्चरिंग पर्सपैक्टिव' विषय पर शोधपत्र कम्प्यूटर एण्ड इण्डस्ट्रीयल इंजीनियरिंग (एलस्वियर) अन्तर्राष्ट्रीय शोध पत्रिका अंक–78, पृष्ठ – 1–11 में प्रकाशित हुआ।

### एन० सी० सी० कैम्प

1 यू.पी.बी.एन. द्वारा दस दिवसीय कैम्प रेहलई आगरा में आयोजित किया गया जिसमें भिन्न–भिन्न कॉलेजों से 500 कैडेटों ने भाग लिया। टेक्निकल कॉलेज के 48 कैडेटों को भारतीय थल सेना के बहुआयामों जैसे मानचित्र अध्ययन, फायरिंग व ड्रिल को प्रयोगात्मक रूप में समझने का मौका मिला। कैम्प में आयोजित ड्रिल, क्वाटर गार्ड, मोनो एक्टिंग, ग्रुप डान्स की प्रतियोगिता में हमारे कैडेटों ने सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। संदीम पाठक कैम्प सीनियर कैडेट व मेज़र प्रीतम सिंह कैम्प इंचार्ज नियुक्त किये गये।

# प्रेम विद्यालय गर्ल्स इण्टर कॉलेज

### प्रतियोगिताएँ

महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं का आयोजन पाठ्य सहगामी क्रियाओं के अंतर्गत किया गया जिनमें क्रमशः परिणाम इस प्रकार रहा–

### वरिष्ठ वर्ग

सामूहिक नृत्य –प्रथम–सोनिया और समूह, द्वितीय–पूजा चौधरी एवं समूह, तृतीय– रितिका एवं समूह रहे। एकल नृत्य –प्रथम– आकांक्षा अरोरा, द्वितीय– तोशिता बहुगुणा, तृतीय– पुष्पांजलि। एकल अभिनय प्रतियोगिता –प्रथम– डी. गुरुप्रिया, द्वितीय–अंजलि शर्मा, तृतीय– भावना यादव। अंग्रेजी ड्रामा–प्रथम– मेहर परमार एवं समूह, द्वितीय– डी. गुरुप्रिया एवं समूह, डी. गुरुप्रिया एवं मेहर परमार विशेष सराहना के पात्र बने ।

### कनिष्ठ वर्ग

सामूहिक नृत्य –प्रथम–वी. आशना और समूह, द्वितीय–याशिका सिंह एवं समूह, तृतीय– पूजा सत्संगी एवं समूह रहे। एकल नृत्य –प्रथम– आशना तनेजा, द्वितीय– समृद्धि जौहरी, तृतीय– डी. स्वाति । अंग्रेजी वाद विवाद प्रतियोगिता –प्रथम– दृष्टि गोयल, द्वितीय–मेहर सरन कौर, तृतीय– भावना यादव।

### खेलकूद

दिनांक–13–9–14 एवं 15–9–14 एथलैटिक मीट्स का आयोजन किया गया।100 मी. 200 मी. 400 मी. दौड़ का सेमीफाइनल कराया गया। बाधा दौड़, रिले दौड़, स्लो साइकिल, फास्ट साइकिल प्रतियोगिता सम्पादित कराई गई। सामूहिक खेलों में –कबड्डी, खो–खो, हैण्ड बॉल, फुटबॉल, रस्साकसी, का आयोजन किया गया।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह

दयालबाग़ ऐजूकेशनल इन्स्टीट्यूट में 68 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह का आगाज़ डी.ई.आई. के छात्रों की सुव्यवस्थित प्रभावी परेड से हुआ। तत्पश्चात् सभी संकाय के छात्रों ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर देश प्रेम के भाव को और भी उत्प्रेरित किया। इस पावन अवसर पर मुख्य अतिथि आगरा के जिलाधिकारी श्री पंकज कुमार आई. ए. एस. ने ध्वजारोहण किया और एन.सी.सी कैडेट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया तथा मुख्य अतिथि महोदय ने अपने उद्बोधन में छात्रों को शिक्षा के लिए प्रेरित करते हुए समाज को रहने लायक बेहतरीन स्थान बनाने के लिए प्रेरित किया। इस प्रेरणादायी अवसर पर निदेशक महोदय के उद्बोधन ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया।






**सम्पादकीय मण्डल**

संरक्षक : प्रो. पी.के. कालड़ा

सम्पादक : प्रो. आदित्य प्रचण्डिया

उपसम्पादक : डॉ. स्वामी प्यारी कौड़ा
डॉ. नमस्या

समाचार संयोजक : डॉ. अशोक यादव
डॉ. अभिमन्यु
डॉ. अनीशा सत्संगी
श्री राजीव रंजन
डॉ. वीरपाल सिंह ठेनुआ
डॉ. क्षमा पाण्डेय
श्री मयंक कुमार अग्रवाल